हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 16 मई 2025

11 मिलावटखोरी के खिलाफ एकजुट होकर जागरूकता...


12 अतिक्रमण के कारण दिन-प्रतिदिन सिकुड़ती जा रहीं हैं शहर...


साइबर ठगी गिरोह

# अटेली, महेंद्रगढ़ व गुरुग्राम में 7 बैंकों में खाता खुलवा निकाली करोड़ों की राशि

- यूको बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, कोटैक महेंद्रा बैंक, एक्सिस बैंक, फेडरल बैंक व उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक में खोले गए खाते
- एनसीआरपी के समन्वय पोर्टल से पांच प्रदेश में छह शिकायतें दर्ज, करोड़ों की लेनदेन, गिरोह का एक सदस्य काबू, साइबर क्राइम की टीम जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

साइबर ठगी का बड़े गिरोह के सदस्य पुलिस के हत्थे चढ़े है। गिरोह से जुड़े आरोपितों ने अटेली मंडी, महेंद्रगढ़ व गुरुग्राम तक सात बैंकों में खाता खुलवाएं हुए है। इनमें यूको बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, कोटैक महेंद्रा बैंक, एक्सिस बैंक, फेडरल बैंक व उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक में खाते मिले है। यहीं नहीं, एनसीआरपी के समन्वय पोर्टल से पांच प्रदेश में छह शिकायतें दर्ज हुई है। इस गिरोह का एक सदस्य महेंद्रगढ़ जिला की ढाणी हरसुख का रहने वाला है। पुलिस ने इसे पकड़ा है।

प्रथम दृष्टि की पूछताछ में अभी तक यह सामने आया है। आशंका जताई जा रही है कि यह साइबर ठगी का गिरोह बड़ा है। जिसकी पुलिस जांच कर रही है। फिलहाल साइबर क्राइम पुलिस थाना ने आरोपित देवेंद्र उर्फ मोनू के खिलाफ बीएनएस की धारा 318 (4),61 के तहत केस दर्ज कर लिया है।

दरअसल, निरीक्षक सुरेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ साइबर अपराधों की खोज में अटेली शहर में मौजूद थे। मुखबर खास से गुप्ता सूचना मिली कि ढाणी हरसुख वासी देवेंद्र उर्फ मोनू साइबर ठगी गिरोह के लिए काम करता है। उसके एसबीआई बैंक अटेली मंडी में खुलवाएं गए खाता में ठगी की काफी धनराशि आई है। इस सूचना पर निरीक्षक ने उस खाते बारे डिटेल व अन्य जानकारी लेने संबंधित बैंक को मेल की तथा बैंक में पहुंचकर ब्रांच मैनेजर से खाता संबंधित विचार विमर्श किया। यह बैंक खाता देवेंद्र के नाम से ही मिला। ब्रांज मैनेजर ने इस खाता के खिलाफ कई शिकायतें प्राप्त होने व उक्त खाता फ्रीज होने बारे भी बताया। खाता की केवाईसी व अन्य रिकार्ड प्राप्त किया गया। प्राप्त रिकार्ड अनुसार इस खाता में तीन दिसम्बर 2024 को खुलवाया जाना पाया गया। अब तक इस खाते में 10 लाख 58 हजार 482 रुपये डेबिट होनो और 10 लाख 55 हजार 79 रुपये क्रेडिट होना पाया गया है।

## तीन शहरों में अलग अलग बैंक में खुलवाएं थे खाते

मौके पर सुरक्षित ना मानकर पुलिस उसे नारनौल के साइबर क्राइम थाना में लेकर आई और पूछताछ की तो आरोपित ने साइबर ठगी गिरोह का सदस्य होना बताया व इस खाता के अलावा अपने ताऊ के लड़के नरेंद्र के साथ मिलीभगत करके अटेली मंडी, महेंद्रगढ़ व गुरुग्राम में भी बैंक खाते होने पाए गए। इनमें यूको बैंक, सैंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, कोटैक महेंद्रा बैंक, एक्सिस बैंक, फेडरल बैंक व उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक में भी खाते खुलवाकर साइबर ठगी में प्रयोग करना बताया। आरोपित देवेंद्र ने मिलीभगत करके अनजान व्यक्तियों से धोखाधड़ी से साइबर फ्रॉड करके पैसे ठगे है।




## प्रदेश के 5 राज्यों में 6 शिकायतें

पुलिस सूत्र बताते है कि इस खाते बारे एनसीआरपी के समन्वय पोर्टल पर छह शिकायतें अलग अलग पांच राज्यों में दर्ज होनी पाई गई। जिसमें करोड़ों रुपये की साइबर ठगी की शिकायत की जानी पाई गई है। जिस पर निरीक्षक सुरेंद्र ने आरोपित देवेंद्र के घर पहुंचे। वह घर नहीं मिला। तलाश की गई तो मुखबर खास की सूचना पर देवेंद्र को नारनौल रेवाड़ी मार्ग पर अटेली मंडी गुजरवास क्रासिंग के पास काबू किया गया। पूछताछ पर देवेंद्र उर्फ मोनू वासी ढाणी हरसुख ने इधर उधर की बातें की। फिर सोचने समझने के लिए कुछ समय देने का पुलिस से आग्रह किया।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की चपेट से बाइक सवार घायल

**मंडी अटेली।** सड़क दुघर्टना में व्यक्ति की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव कांटी निवासी कर्ण सिंह ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि गत 30 अप्रैल को उसके गांव कांटी से बाइक पर सवार होकर खेड़ी की तरफ जा रहा था तो पीछे से अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे सड़क पर गिर गया। गिरने के कारण लगी चोटों से वह बेहोश हो गया।

### ग्रामीण सफाई कर्मियों की बैठक आज

**महेंद्रगढ़।** ग्रामीण सफाई कर्मियों की बैठक शुक्रवार को यादव धर्मशाला में होगी। बैठक करने के बाद कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर विधायक कंवर सिंह यादव को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेगे। जिला प्रधान पवन कुमार वाल्मीकि बताया कि ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की आवश्यक मीटिंग यादव धर्मशाला में होगी। बैठक में यूनियन अपनी मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम विधायक कंवर सिंह को ज्ञापन सौंपेंगे।

### भाजपा मंत्री की सेना की महिला कर्नल पर टिप्पणी अशोभनीय

**मंडी अटेली।** भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के विरुद्ध ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से सेना ही नहीं, पूरा भारतवर्ष गौरवान्वित है, लेकिन सीज फायर के बाद विदेश सचिव पर की गई टिप्पणी व आपरेशन सिंदूर की नायिका की महिला सेना कर्नल अफसर पर भाजपा के मध्य प्रदेश के मंत्री द्वारा की गई असभ्य व अमर्यादित टिप्पणी का बहुजन समाज पार्टी विरोध करती है। बहुजन समाज पार्टी जिला महेंद्रगढ़ के अध्यक्ष प्रमोद कटारिया ने कहा किसी मंत्री द्वारा ऐसे विचार समाज में भाईचारा व समरसता बिगड़ने वाले हैं। माननीय उच्च न्यायालय ने भी उक्त मंत्री को बड़ी फटकार लगाई है, जिसके बाद एफआईआर का दर्ज होना उचित है। केंद्र की भाजपा सरकार को भी ऐसे मंत्रियों व नेता को तुरंत प्रभाव से निष्कासित करना चाहिए।

नारनौल समेत जिले की पांचों नगर पालिकाओं में चल रही हड़ताल

# नगर परिषद के कर्मचारियों एवं अधिकारियों के बीच नहीं बना समझौता, हड़ताल बढ़ी

- व्हीट अलाउंस के रूप में 25000 रुपये बिन ब्याज के नहीं मिलने से कर्मचारियों में बना है रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

व्हीट अलाउंस यानि अनाज भत्ता की मांग को लेकर नगर परिषद समेत जिले की पांचों नगर पालिका सफाई कर्मचारियों का धरना-प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी रहा। इस दौरान कर्मचारियों ने काम छोड़ हड़ताल की। नगर पालिका कर्मचारी संघ के बैनर तले आयोजित इस धरने-प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने कार्यालय परिसर में धरना दिया।

बता दें कि सरकार गेहूं भत्ता के तौर पर 25000 रुपये सालाना देती है, जो बिना ब्याज का होता है तथा कर्मचारी की दस किस्तें बनाकर यह रुपया बाद में काट लिया जाता है।

हड़ताल में राज्य कमेटी यूनियन के नेता जनरल सेक्रेटरी सुनील कुमार चंडालिया ने मुख्य वक्ता के रूप में अपनी बातचीत रखी। उन्होंने बताया कि नगर परिषद प्रशासन से मिलकर नगर पालिका कर्मचारी संघ नारनौल के नेताओं एवं राज्य कमेटी के नेताओं में वार्ता हुई।

नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी दीपक गोयल एवं अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे, लेकिन कर्मचारियों एवं नगर परिषद अधिकारियों के बीच कोई सहमति नहीं बनी है और न ही कोई समझौता हुआ। इस कारण कर्मचारियों ने काम छोड़ हड़ताल को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।




नारनौल। नगर परिषद में आयोजित धरने को संबोधित करते कर्मचारी नेता व धरने में भाग लेते महिला एवं पुरुष कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## प्रदेश में दिया, यहां नहीं

राज्य जनरल सेक्रेटरी सुनील चंडालिया ने धरने पर कहा कि अगर हरियाणा की सभी पालिकाओं में व्हीट अलाउंस दिया जा रहा है तो नारनौल नगर परिषद समेत जिला की सभी पालिका कर्मचारियों को यह मिलना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि आने वाले 20 मई को राष्ट्रीय हड़ताल की जाएगी तथा कल 16 मई को कार्मिक भूख हड़ताल की जाएगी। इस आंदोलन की अध्यक्षता इकाई प्रधान सुरेश कुमार ने की। सुरेश कुमार ने बताया कि जब तक व्हीट अलाउंस नहीं दिया जाएगा, तब तक कर्मचारी काम छोड़ हड़ताल पर ही रहेंगे। इस आंदोलन में पहुंचे सर्व कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिचव महेंद्र बोयत ने भी विचार व्यक्त किए और कर्मचारियों को आंदोलन की राह पर अडिग रहने का प्रेरित किया।

## ये रहे मौजूद

सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान कौशल कुमार यादव, नगर पालिका कर्मचारी संघ के राज्य कैशियर महेंद्र सिंह संगेलिया, जिला प्रधान राहुल सारवान, इकाई सचिव महावीर प्रसाद, रमेश कुमार, भीमसिंह, राजू दरोगा, राहुल, राजेश, महेंद्र दरोगा, गिरवर दरोगा, भूपेंद्र दरोगा, देवानंद, रोशन व अटेली इकाई से मनोज कुमार, गीता देवी, कनीना से अनिल कुमार, महेंद्रगढ़ से पूर्णचंद, नांगल चौधरी से सुनील कुमार, मनोज देवी, बबली देवी, ममता देवी, सुनीता देवी, चांदनी, मीनू, सावित्री व सविता समेत सैकड़ों कर्मचारियों ने धरना-प्रदर्शन में बढ़-चढ़कर भाग लिया।



नारनौल। अवैध निर्माण हटाती जेसीबी मशीन। फोटो : हरिभूमि

# बाइपास व अनाज मंडी के पास चला पीला पंजा

- डीटीपी ने हटाया अवैध निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

जिला नगर योजनाकार टीम ने वीरवार को बाईपास के पास लगभग पांच एकड़ व रा अनाज मंडी के पास लगभग छह एकड भूमि में अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़ की कार्रवई की। इसके अलावा गहली में एक अवैध निर्माण व लहरोदा में दो अवैध निर्माण पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में लगभग 11 एकड़ भूमि में लगभग 24 डीपीसी, छह चारदीवारी व तीन अवैध निर्माण के साथ-साथ सभी रोड नेटवर्क उखाड़ दिए गए।

यह कार्रवाई जिला नगर योजनाकार गुंजन वर्मा की अगुवाई में रवि कुमार, जितेन्द्र कुमार, योगेन्द्र कुमार, विकास, नरेश कुमार के साथ पुलिस बल की मौजूदगी में जिला प्रशासन की मदद से अमल में लाई गई।

## जलेबी गली में सुंदरकांड पाठ आज

**नारनौल।** श्री मेहंदीपुर बालाजी मित्र मंडल के तत्वावधान में शुक्रवार रात को जलेबी गली वाले दुकानदारों की ओर से रेवाड़ी रोड स्थित जलेबी गली में सुंदरकांड पाठ किया जाएगा। तरुण सोनी ने बताया बताया कि सुंदरकांड पाठ की अध्यक्षता मंडल के प्रधान महावीर प्रसाद अग्रवाल करेंगे। उन्होंने बताया कि 17 मई को जलेबी गली के सभी व्यापारियों की ओर से भंडारे का आयोजन प्रातः 11 बजे से किया जाएगा।

# डीसी ने सीएम के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा

- मुख्यमंत्री रैली स्थल से ही 30 परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन व शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आगामी 18 मई को महेंद्रगढ़ स्थित स्टेडियम में धन्यवाद कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने कार्यक्रम स्थल पर तैयारियों का जायजा लिया। इस मौके पर अनेक विभागीय अधिकारी भी मौजूद रहे। डीसी ने बताया कि मुख्यमंत्री 18 मई को कार्यक्रम स्थल पर ही जिले की लगभग 30 परियोजनाओं का उद्घाटन तथा शिलान्यास भी करेंगे। कार्यक्रम स्थल पर चल रही तैयारी के संबंध में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम में पेयजल की उचित व्यवस्था होनी चाहिए। वहीं पर्याप्त मात्रा में शौचालय की भी व्यवस्था होनी चाहिए, ताकि आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो। उन्होंने मुख्यमंत्री के हेलीकाप्टर के लिए हेलीपैड व वाहन पार्किंग स्थल का भी निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम अनिल कुमार यादव, सीटीएम मंजीत कुमार, नगर पालिका सचिव अनिल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।



महेंद्रगढ़। रैली स्थल का जायजा लेते डीसी विवेक भारती।

# 25 से शुरू होगा नौतपा, भीषण गर्मी का करना होगा सामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

वैसे तो गर्मियों के मौसम में बहुत ज्यादा गर्मी पड़ती रहती है। परंतु इन दिनों में ऐसे दिन भी आते है, जिसमें सूर्य की गर्मी से धरती भी आग उगलती है। ये ज्येष्ठ मास में नौ दिनों की अवधि होती है। जिसे नौतपा बोला जाता है। इस समय धरती का तापमान सबसे अधिक होता है। सूर्य पृथ्वी के बहुत करीब आ जाता है, जिसमें सूर्य की किरणे धरती पर सीधे और तीव्र प्रभाव डालती है।

ज्योतिषाचार्य पंडित राहुल भारद्वाज गढ़ी ने बताया कि जब सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते है तो नौतपा की शुरुआत होती है। इसके बाद जब सूर्य मृगशिरा नक्षत्र में प्रवेश करता है तो ये खत्म होता है। अबकी बार नौतपा इस महीने में 25 मई रविवार से शुरू होगा और आठ जून रविवार के दिन ही समाप्त। वैसे तो सूर्य देव 15 दिनों तक इस नक्षत्र में रहेगा। परंतु शुरू के नौ दिनों के समय को नौतपा कहा जाता है। इन नौ दिनों में सूर्य अपनी चरम सीमा पर रहता है और लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ता है।

## नौतपा का ज्योतिष से संबंध



राहुल भारद्वाज ने बताया वैदिक ज्योतिष के अनुसार रोहिणी नक्षत्र का अधिपति ग्रह चंद्रमा और देवता ब्रह्मा हैं। सूर्य ताप, तेज और चंद्र शीतलता का प्रतीक होता है। इसलिए चंद्र से धरती को शीतलता तो सूर्य से गर्मी मिलती है, लेकिन नौतपा में सूर्य, चंद्र के नक्षत्र रोहिणी में प्रवेश कर सबको अपने पूर्ण प्रभाव में ले लेता है। चंद्र के नक्षत्र में सूर्य के आ जाने से चंद्र के शीतल प्रभाव क्षीण हो जाते हैं और चंद्रमा की शीतलता फीकी पड़ने लगती है। इस कारण गर्मी ज्यादा पड़ती है।

## सूर्य देवता की करें आराधना

भारद्वाज ने बताया कि रोहिणी नक्षत्र के दौरान सूर्य की आराधना करना विशेष फलदायी होता है। सुबह सूर्योदय के पहले स्नान कर सूर्य को अर्घ देना चाहिए। जल चढ़ाते समय सूर्यदेव का मंत्र ऊं घृणि सूर्याय नमः, अथवा ऊं सूर्य देवाय नमः का निरंतर जाप करना चाहिए।

नारनौल के सरकारी दफ्तरों में हाजिरी का महाखेल | एसडीएम की लगातार दबिश, फिर भी कुर्सियां खालीं, जनता बेहाल

# महिला बाल विकास परियोजना कार्यालय व मार्केट कमेटी में 10 कर्मचारी मिले गैर हाजिर, एसडीएम ने नोटिस जारी किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

सरकारी सिस्टम में बाबू कल्चर और कामचोरी किस कदर हावी है इसकी बानगी नारनौल के सरकारी दफ्तरों में देखने को मिल रही है। उपमंडल अधिकारी (एसडीएम) रमित कुमार यादव एक तरफ जहां व्यवस्था सुधारने और कर्मचारियों को समय पर दफ्तरों में मौजूद रखने के लिए लगातार औचक निरीक्षण कर रहे है वहीं दूसरी तरफ सरकारी बाबू है कि अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे। एसडीएम की लाख सख्ती के बावजूद दफ्तरों से कर्मचारियों का गायब रहना बदस्तूर जारी है जिसकी सीधी मार आम जनता पर पड़ रही है।

ताजा मामला सोमवार और गुरुवार का है। सोमवार को एसडीएम रमित कुमार यादव ने सुबह-सुबह अटेली के विभिन्न कार्यालयों का रुख किया। उनकी नजर वहां कर्मचारियों की उपस्थिति रजिस्ट्रर पर थी और जो दिखा वह चौंकाने वाला था। सात कर्मचारी अपनी ड्यूटी से नदारद मिले। सरकारी नियमों की अनदेखी और जनता के प्रति लापरवाही के इस रवैये पर तुरंत एक्शन लेते हुए एसडीएम ने सभी सात गैर हाजिर कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया।



नारनौल। स्टाफ कर्मचारियों से बातचीत करते एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

### लापरवाही बर्दाश्त नहीं

एसडीएम रमित कुमार यादव ने साफ शब्दों में कहा कि कर्मचारियों का कार्यालय में निर्धारित समय पर उपस्थित न होना घोर लापरवाही है। इसका सीधा खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ता है। गर्मी के इस मौसम में जब नागरिक अपने जरूरी काम करवाने के लिए दफ्तरों में आते है और उन्हें वहां संबंधित कर्मचारी नहीं मिलते तो उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते है जो सरासर गलत है और जनता के समय व ऊर्जा की बर्बादी है।

एसडीएम ने बताया कि महिला बाल विकास परियोजना शहरी और नई अनाज मंडी कार्यालयों के निरीक्षण में जो दस कर्मचारी गैर हाजिर मिले है उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया गया है। इसके बाद इस पूरे मामले की रिपोर्ट संबंधित उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी ताकि उचित कार्रवाई हो सके।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उनका यह औचक निरीक्षण अभियान आगे भी जारी रहेगा और सभी सरकारी कार्यालयों की जांच की जाएगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कर्मचारी समय पर अपनी ड्यूटी पर मौजूद रहें और जनता के काम बिना किसी परेशानी के हो सके।

### नहीं बदली सूरत, कड़े एक्शन लेने की जरूरत

लेकिन कहानी यहीं खत्म नहीं हुई। एसडीएम का निरीक्षण अभियान वीरवार को नारनौल शहर में जारी रहा। सुबह 9:35 बजे जब सरकारी दफ्तरों में कर्मचारियों को अपनी कुर्सी पर मुस्तैद होना चाहिए था। एसडीएम अचानक महिला बाल विकास परियोजना कार्यालय जा पहुंचे। वहां का नजारा भी कुछ अलग नहीं था। पांच कर्मचारी ड्यूटी से गायब मिले। इसके बाद ठीक 10:10 बजे एसडीएम ने नई अनाज मंडी स्थित कार्यालय का दौरा किया। यहां तो स्थिति और भी गंभीर दिखी। खुद मार्किट कमेटी की सचिव नुकूल यादव ही कार्यालय से गैर हाजिर मिली। सचिव महोदया के साथ-साथ चार अन्य कर्मचारी भी नदारद थे। यानी सिर्फ दो कार्यालयों के औचक निरीक्षण में दस कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ते पाए गए जिनमें एक अधिकारी भी शामिल है। इन सभी दस कर्मचारियों को भी एसडीएम की ओर से कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

# बिजली निगम के जेई को आदेशों की पालना का इनाम मिला 'ट्रांसफर'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

विभागीय आदेशों की पालना एवं कर्तव्यनिष्ठा का इनाम बिजली निगम के जेई एवं एलएम को जिल्लत एवं ट्रांसफर मिला है। हुआ यूं कि कनीना क्षेत्र में एक उपभोक्ता निगम का डिफाल्टर चल रहा था तथा उसकी तरफ करीब एक लाख रुपये की राशि बकाया हो चुकी थी, जिस पर निगम ने उसका कनेक्शन काटने के आदेश जारी कर दिए। जब जेई कनेक्शन काटने पहुंचा तो संबंधित व्यक्ति ने सत्तारूढ दल का कार्यकर्ता होने का अहम दिखाया और स्टेट में किसी पॉवरफुल आका को फोन लगाकर कनेक्शन काटने गए जेई व एलएम का ट्रांसफर कनीना से सीधे धारूहेड़ा करवा दिया। इससे बिजली निगम कर्मचारियों में रोष बना हुआ है तथा उन्होंने निगम अधिकारी को ज्ञापन देकर कर्मचारी के साथ हुए उत्पीड़न की दुहाई देते हुए उनसे ट्रांसफर रूकवाने की गुहार लगाई है।

हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रीसिटी डिप्लोमा इंजीनियर एसोसिएशन की ओर निगम अधिकारी को सौंपे ज्ञापन में बताया गया है कि कनीना सब डिवीजन के जेई-1 शंकर लाल का ट्रांसफर धारूहेड़ा में कर दिया गया है। यह गलत एवं नाजायज तरीके से राजनैतिक हस्तक्षेप के चलते कराया गया है। कनीना क्षेत्र गांव के उपभोक्ता ने कमर्शियल कनेक्शन लिया हुआ है, जिसकी तरफ डिफाल्टिंग अमाउंट करीब एक लाख रुपये बकाया होने पर जेई-1 शंकर लाल एवं एलएम हवासिंह वहां के एसडीओ के आदेशों पर पहुंचे थे, लेकिन राजनैतिक रसूख का नाजायज इस्तेमाल करते हुए गलत ढंग से अपने आका को फोन करके दोनों कर्मचारियों का ट्रांसफर जिले से बाहर करवा दिया। ऐसे में अब अधिकारी ही बताएं कि उनके मातहत कर्मचारी व सरकारी आदेशों की पालना करें या नहीं करें। नहीं करें तो अधिकारी का दबाव और करें तो राजनैतिक संरक्षण प्राप्त लोग उत्पीड़न करते हैं।



नारनौल। ज्ञापन सौंपते एसोसिएशन के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

स्पेशल : इंटरनेशनल म्यूज़ियम-डे, 18 मई

जानकारी / शिखर चंद जैन

# भारत के प्रसिद्ध म्यूज़ियम्स यहां संग्रहीत हैं अनोखी वस्तुएं

बच्चो, म्यूज़ियम यानी संग्रहालय ऐसी जगह होती है, जहां कला, संस्कृति, इतिहास और विज्ञान से जुड़ी दुर्लभ वस्तुओं का संग्रह देखने को मिलता है। इन्हें देखकर ज्ञानवर्धक जानकारियां तो मिलती ही हैं, साथ ही अनोखे अनुभव भी मिलते हैं। जानो, देश के कुछ म्यूज़ियम्स के बारे में कि ये किन विशेषताओं के कारण प्रसिद्ध हैं।



## वीएमआरडीए आईएनएस कुरसुरा पनडुब्बी संग्रहालय विशाखापत्तनम

**भारतीय नौसेना** (इंडियन नेवी) की नॉन-एक्टिव सबमरीन (सेवामुक्त हो चुकी पनडुब्बी) आईएनएस कुरसुरा में यह संग्रहालय स्थित है। यह संग्रहालय, भारत के नौसैनिक इतिहास और समुद्री विरासत के बारे में जानकारी देता है। यहां तुम पनडुब्बी के चेंबर्स, कंट्रोल रूम और लिविंग रूम्स को विजिट कर सकते हो। साथ ही तुम पनडुब्बी चालकों (सबमरीन ड्राइवर्स) की लाइफस्टाइल के बारे में भी जान सकते हो। *

## डॉन बॉस्को स्वदेशी संस्कृति म्यूज़ियम शिलांग

**इस म्यूज़ियम** में पूर्वोत्तर भारत की विविध स्वदेशी संस्कृतियां, आदिवासी परंपराएं, कला और शिल्प से जुड़ी सामग्री देखने को



मिलती हैं। यहां तुम आदिवासियों के झोपड़ी जैसी कलाकृतियों के साथ-साथ उनके पारंपरिक वेशभूषा, संगीत, वाद्ययंत्रों के अलावा आदिवासियों के रहन-सहन और उनकी संस्कृति से जुड़ी कई आकर्षक और आश्चर्यजनक चीजें देख सकते हो। इसके अलावा, यहां एक स्काईवॉक की भी व्यवस्था है, जहां से तुम्हें इस म्यूज़ियम और शिलांग के अद्भुत नजारे देखने को मिलेंगे। *



## हेरिटेज ट्रांसपोर्ट म्यूज़ियम गुरुग्राम

**परिवहन यानी** ट्रांसपोर्ट हमारी डेली लाइफ का महत्वपूर्ण हिस्सा है। हरियाणा के गुरुग्राम स्थित इस म्यूज़ियम में तुम इंडियन ट्रांसपोर्ट सिस्टम के अलग-अलग दौर में इस्तेमाल में आने वाले एंटीक व्हीकल्स देख सकते हो। इस म्यूज़ियम में पुरानी कारों, मोटरसाइकिलों, रेलवे कोचों, विमानों और परिवहन के अन्य साधनों के संग्रह हैं। बच्चो, तुम यहां इंटरैक्टिव प्रदर्शनियों, मल्टीमीडिया डिस्प्ले के माध्यम से ट्रांसपोर्ट टेक्नोलॉजी के विकास के साथ-साथ समाज और संस्कृति पर इसके प्रभाव को भी जान-समझ सकते हो। *

## सालार जंग म्यूज़ियम हैदराबाद



**मीर यूसुफ** अली खान, जिन्हें सालार जंग तृतीय के नाम से भी जाना जाता है, हैदराबाद के निजाम मीर उस्मान अली के कार्यकाल में प्रधानमंत्री रहे थे। मीर यूसुफ को दुर्लभ वस्तुएं, कलाकृतियां, पांडुलिपि आदि इकट्ठा करने का शौक था। उनके पश्चात उनके परिवार और अगली पीढ़ियों द्वारा भी इस म्यूज़ियम के लिए कलाकृतियों एवं अन्य वस्तुओं का संग्रह किया जाता रहा। आज इस संग्रहालय में एक मिलियन यानी दस लाख से अधिक कलाकृतियां और अन्य संग्रहणीय सामग्रियां रखी हुई हैं। *

## शंकर अंतरराष्ट्रीय गुड़िया संग्रहालय नई दिल्ली



**इस म्यूज़ियम** की स्थापना 1965 में फेमस कार्टूनिस्ट शंकर पिल्लई ने की थी। खास बात यह है कि इस म्यूज़ियम में दुनिया के किसी भी अन्य डॉल म्यूज़ियम से ज्यादा कॉस्ट्यूम डॉल्स हैं। इस म्यूज़ियम में लगभग 85 देशों से इकट्ठी की गई 6,500 से अधिक डॉल्स तुम्हें देखने को मिलेंगी। इन डॉल्स की बनावट, पारंपरिक पोशाक और सांस्कृतिक महत्व को देखकर-जानकर तुम्हें आश्चर्य होगा। *

## इंडियन म्यूज़ियम कोलकाता

**पश्चिम बंगाल** के कोलकाता में स्थित इंडियन म्यूज़ियम, देश का सबसे बड़ा म्यूज़ियम है। इसे स्थानीय लोग अजायबघर या जादूघर भी कहते हैं। 1814 में बना यह म्यूज़ियम भारत का सबसे पुराना म्यूज़ियम है। यहां कई कलाकृतियां तो 2000 साल पुरानी हैं। यहां प्रागैतिहासिक काल के भारत के सांस्कृतिक इतिहास को समेटा गया है। इंडियन म्यूज़ियम में कई खंडों में विविध विषयों, जैसे-इतिहास, कला, पुरातत्व, जंतु शास्त्र, वनस्पति शास्त्र एवं अन्य कई विषयों से जुड़ी सामग्रियां देखी जा सकती हैं। इस म्यूज़ियम में सिंधु घाटी की सभ्यता के अवशेष से लेकर मिस्र की ममीज तक देखी जा सकती हैं।



स्पेशल : इंटरनेशल ड्रॉइंग-डे

# ड्रॉइंग करने से बढ़ेगी क्रिएटिविटी इंप्रूव होगी पर्सनालिटी

बच्चो, तुमको चित्र बनाकर उसमें मनचाहे रंग भरने में बहुत मजा आता होगा, है न! क्या तुम जानते हो, ड्रॉइंग करने की शुरुआत कब हुई और इससे क्या-क्या फायदे होते हैं? आज ड्रॉइंग-डे के अवसर तुम्हें बता रहे हैं, इससे जुड़ी रोचक बातें।

क्रिएटिव आर्ट

कुमार गौरव अजीतेंदु



बच्चो, चित्रकारी यानी ड्रॉइंग एक बहुत रोचक आर्ट है। बच्चे ही नहीं कई बड़ी उम्र के लोगों को भी इसमें काफी इंटरेस्ट होता है। कई लोग तो ड्रॉइंग को ही अपना करियर बना लेते हैं और इसके जरिए खूब नेम-फेम पाते हैं। ड्रॉइंग के महत्व को लोगों को बताने के लिए ही प्रत्येक वर्ष 16 मई (आज के दिन) को 'अंतरराष्ट्रीय चित्रकारी दिवस' या 'इंटरनेशनल ड्रॉइंग डे' के रूप में मनाया जाता है।

**कब मनाया गया पहला ड्रॉइंग-डे:** साल 2008 में दुनिया भर में पहली बार 'इंटरनेशनल ड्रॉइंग-डे' मनाया गया था। इस अवसर पर ड्रॉइंग के फील्ड से जुड़े लोगों को अपनी क्रिएटिविटी, अपने आर्ट को ऑनलाइन शेयर करने के लिए इनवाइट किया जाता है। साथ ही ड्रॉइंग से होने वाले लाभों से अवगत कराने और ड्रॉइंग में लोगों की रुचि जगाने के उद्देश्य से यह दिन मनाया जाता है।

**होते हैं अनेक फायदे:** ड्रॉइंग के माध्यम से तुम अपनी इमेजिनेशन, अपनी नॉलेज और क्रिएटिविटी को अधिक प्रभावी ढंग से एक्सप्रेस कर सकते हो। इससे तुम्हारी इमेजिनेशन और प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल इंप्रूव होती हैं। इसके अलावा भी ड्रॉइंग के कई फायदे होते हैं, जैसे-

**मिलती है हैप्पीनेस:** ड्रॉइंग करते समय मन शांत और एकाग्रचित्त होता है। इसलिए जब तुम ड्रॉइंग करते हो, तब टेंशनफ्री और हैप्पी रहते हो।

**बढ़ता है कॉन्फिडेंस:** जब तुम अपनी इमेजिनेशन से कोई अच्छी ड्रॉइंग बनाते हो, तो इससे तुम्हारा कॉन्फिडेंस बढ़ता है।

**फीलिंग्स एक्सप्रेशन का तरीका:** ड्रॉइंग के जरिए तुम अपनी हर फीलिंग को बेहतर ढंग से एक्सप्रेस कर सकते हो। इससे तुम्हें सेल्फ-सैटिस्फेक्शन मिलता है।

**स्ट्रेस होता है दूर:** कई शारीरिक-मानसिक रोगों के ट्रीटमेंट में ड्रॉइंग एक थेरेपी के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। इससे टेंशन और स्ट्रेस दूर होता है, मानसिक सुकून मिलता है।

**ऐसे मनाओ ड्रॉइंग डे:** तुम चाहो तो अपने फ्रेंड्स के साथ मिलकर ड्रॉइंग-डे को स्पेशल तरीके से सेलिब्रेट कर सकते हो। इसके लिए तुम सब कोई एक थीम सेलेक्ट कर लो फिर एक निश्चित समय में उस थीम पर बेस्ड ड्रॉइंग बनाओ। इस कॉम्पिटिशन में किसकी ड्रॉइंग बेस्ट है, इसका डिसीजन करने के लिए अपने आर्ट टीचर या आस-पड़ोस के अंकल की हेल्प ले सकते हो, जिन्हें ड्रॉइंग में इंटरेस्ट हो। *

### ड्रॉइंग से जुड़े कुछ फैक्ट्स

- इंसानों ने अब से लगभग 30,000 वर्ष पहले चित्र बनाना शुरू कर दिया था।
- 1797 में निकोलस-जैक्स कोंटे ने पेंसिल का आविष्कार किया, इससे चित्र बनाना आसान हो गया।
- अधिकांश चित्र सरल ज्यामितीय आकृतियों जैसे वृत्त, वर्ग और त्रिभुज से शुरू होते हैं।
- प्राचीन काल में लोग कहानियां सुनाने या जानकारी साझा करने के लिए गुफाओं की दीवारों पर चित्र बनाते थे।
- प्राचीन मिस्रवासी चित्रकला को लेखन के के रूप में प्रयोग करते थे, जिसे 'हाइरोग्लाइफिक्स' कहा जाता था।
- 1984 में पहला मैकिंटोश कंप्यूटर तैयार किया गया, जिसमें पेंट प्रोग्राम 'मैकपेंट' था, जिसने डिजिटल ड्रॉइंग और डिजाइन की नई सुविधाएं मिलीं।

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

## आस-पास की कहानियां

जैसा कि इस किताब के नाम (बारह सौ की बाटी और अन्य किस्से) से ही पता चलता है यह 'किस्सों' की किताब है। इसे पढ़ते हुए पता चलता है कि किताब के सभी चौदह 'किस्से' हमारे आस-पास घटने वाली छोटी-छोटी घटनाएं हैं। तरह-तरह की 'बातें' हैं, जो ध्यान से देखने पर हमें चौंकाती हैं।



किताब में दिए इन किस्सों के विभिन्न चरित्र कुछ जाने-पहचाने से दिखते हैं- बहुत साधारण, सीधे-सादे और अपने में मस्त। लेकिन उनकी अपनी कुछ खास आदतें, सनक या कहें किसी काम को करने की धुन, जिन्हें लेखक जिस अंदाज में हमारे बीच रखता है, ये अपने आप में अनोखा बना देती हैं। इन किस्सों के साथ दिए किताब के रंग-बिरंगे वाटर-कलर से बने चित्र सामान्य चित्रों से अलग और सुंदर दिखते हैं। *

**किताब:** बारह सौ की बाटी और अन्य किस्से, **लेखक:** शिवनारायण गौर, **चित्रकार:** नीलेश गहलोत, **मूल्य:** 80 रुपए, **प्रकाशक:** एकलव्य फाउंडेशन, भोपाल

### बूझो तो जानें



1
चिंगारी से वो भड़क जाए।
सूखी लकड़ी-कंडे खाए।
छूने चलो, तो अंग जलाए।
पानी पीते ही मिट जाए।

2
सब कहते हैं जुड़वां भाई
पैरों में ही जगह है पायी।
कहीं एक साथी खो जाए
दूजा कोई काम न आए।

3
जोड़, घटाना, गुणा, भाग है
मेरे बाएं हाथ का काम।
कभी नहीं गलती करता हूं
मित्र! बताओ मेरा नाम।

- गौरीशंकर वैश्य विनम्र

उत्तर : 1.आग, 2.जूते, 3.कैलकुलेटर

### जीके क्विज-154



1. हाल में किस प्रसिद्ध भारतीय क्रिकेटर ने टेस्ट मैच से संन्यास लेने की घोषणा की?
2. 72वें मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता का आयोजन कहां किया जा रहा है?
3. इसरो के वर्तमान अध्यक्ष कौन हैं?
4. भारत और पाकिस्तान के बीच की सीमा रेखा को किस नाम से जाना जाता है?
5. ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कहां है?
6. सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को उनके पद की शपथ कौन दिलवाता है?
7. विश्व की सबसे बड़ी झील कौन-सी है?
8. मौर्य साम्राज्य की स्थापना किसने की थी?
9. दुनिया में सबसे अधिक रबड़ का उत्पादन किस देश में होता है?
10. नियाग्रा जलप्रपात किन दो देशों की सीमा पर स्थित है?



बच्चो, जीके क्विज-154 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-153 का उत्तर :** 1.स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट, 2.मंगूभाई छगनभाई पटेल, 3.वायुसेना उपप्रमुख, 4.15 मई, 5.ग्यारह, 6.रानी लक्ष्मीबाई, 7.बुध, 8.लियोनार्दो द विंची, 9.नाइट्रस ऑक्साइड, 10.राजस्थान

**जीके क्विज-153 का सही उत्तर देने वाले :** साकेत-दुर्ग, कबीर-हिसार, प्रज्ञा-रायपुर, मुस्कान-कोंडागांव, रमेश-कोरबा, सौरभ-बिलासपुर, कमल-महेंद्रगढ़, अमन-रोहतक, कशिश-महासमुंद, रोशन-दुर्ग, गुंजन-भोपाल, जतिन-रायगढ़

कहानी / क्षमा शर्मा

स्कूल में गर्मी की छुट्टियां क्या हुईं, मिनी का घर से निकलना बंद हो गया। घर में यही कहा जाता-बाहर धूप तगड़ी है, लू लग जाएगी। बेचारी मिनी करे तो क्या करे? तुम्हारे लिए बहुत प्यारी-सी कहानी।

## मिनी की परेशानी



मिनी की छुट्टियां क्या हुईं, सवेरे से ही सब उसे पुकारने लगते, 'मिनी, जल्दी उठो। फ्रेश होओ। ब्रश करो। दूध पिओ, फिर नीचे खेलने जाओ।' दादी कहतीं, 'नहीं मिनी, बाहर तो अभी से इतनी तेज धूप है। देख रही हो न कि पेड़-पौधे भी धूप से कैसी हाय-हाय कर रहे हैं। कहीं मत जाओ। जो खेलना हो, घर के अंदर खेलो। और बाहर जाओ भी तो पेट भरकर पानी पीकर, फिर लू नहीं लगेगी।'

'लो जी, पेट भरकर पानी ही पी लेगी तो दूध कैसे पिएगी, नाश्ता कैसे करेगी?' मम्मी, दादी से शिकायत करती-सी पूछतीं। बेचारी मिनी, मम्मी की सुने कि दादी की।

तभी भइया अंदर वाले कमरे से चिल्लाता, 'मेरे जूते नहीं मिल रहे हैं। जरूर इस मिनी ने ही इधर-उधर किए होंगे। इसे जूतों से फुटबॉल खेलने की आदत जो है।'

मिनी धीरे से बोली, 'तो ला दो न एक अच्छी-सी फुटबाल, नहीं खेलूंगी फिर जूतों से। पता है, कभी नहीं लाएगा। कंजूसड़ा कहीं का। जब देखो तब मुझसे ही पैसे मांगता रहता है।' वैसे तो बात यह है कि उसने जूते कहीं इधर-उधर नहीं किए थे। मिनी मन ही मन सोचती है, 'इसी ने कहीं इधर-उधर उतारे होंगे। जहां भी कुछ रखता है, कभी याद नहीं रहता है इसे। कभी पेन, कभी चाबी, कभी पासवर्ड हमेशा कुछ न कुछ भूला या खोया रहता है इसका और नाम लगा रहा है मेरा। हुंह... इससे तो अच्छी थी कि स्कूल ही जाती।'

'अरे मिनी, यह अपने से ही क्या बातें कर रही है?' पापा ने जाते-जाते पूछा तो वह तकिए में मुंह छिपाती बोली, 'कुछ नहीं पापा, पोयम याद कर रही थी।'

'अच्छा भई हम भी तो सुनें तुम्हारी पोयम।' पापा पलंग के पास आकर बैठ गए तो मिनी ने ऐसे दिखाया जैसे वह सो रही हो और सपने में ही पापा की बात का जवाब दिया हो। पापा ने मान भी लिया, 'अरे, लड़की तो सो रही है अभी। चलो, सोने दो। नहीं तो बेचारी हर रोज सुबह उठती है। सवेरे की उठी-उठी रात को सो पाती है। बच्चों को भी बड़ों की तरह बस रात-दिन काम ही काम है।' जब भइया चला गया, पापा दफ्तर के लिए निकले, उसने कार स्टार्ट करने की आवाज सुन ली और उसके कुछ देर बाद मम्मी शालू आंटी से मिलने चली गईं और दादी पूजा करने लगीं। अब पूजा भी तो पूरे दो घंटे की। मिनी को लगा कि अब बस दो घंटे तक कोई उससे यह नहीं कहेगा, 'अरे मिनी, यह क्या कर दिया, वह क्या कर दिया, यह लड़की तो किसी की नहीं सुनती है, टीचर से कहना पड़ेगा। कल ही तो इतनी महंगी डॉल दिलवा कर लाए थे और आज उसके बाल उखाड़ दिए।' ओह डॉल से अच्छा याद आया, मिनी को तो आज उसकी आंख ठीक करनी थी। कितने तो काम थे। मिनी ने फौरन खिलौनों की अलमारी खोली और सोचने लगी कि कैसे आंख ठीक करे? उसकी नीली आंख अंदर चली गई थी। भइया ने नीले बॉल प्वॉइंट से उसे बाहर निकालने की कोशिश की तो वह और अंदर घुस गई। पूरी आंख पर नीला रंग फैल गया। भइया तो गुड़िया को फेंक कर चला गया। अब एक आंख की गुड़िया उसे अच्छी नहीं लगती। तो उसे याद आया कि उसके टॉमी कैट की आंखें भी तो नीली हैं। उसने टॉमी को अलमारी से बाहर निकाला। फिर सोचने लगी, 'अगर इसकी एक आंख डॉल को लगा भी दूं तो फिर इसके लिए दूसरी आंख कहां से लाऊंगी?'

मिनी ने सोचा दादी से पूछे लेकिन वह तो पूजा कर रही थीं। तो फिर किससे पूछे? उसने शालू आंटी के यहां गईं मम्मी को फोन किया। मम्मी बिगड़ गईं, 'क्या मिनी, कभी चैन से नहीं रहने देती। अब तू अपनी गुड़िया का किस्सा ले बैठी। घर आकर करती हूं बात।' 'लो मम्मी खुद तो चली गईं और मुझे धूप का बहाना बनाकर दादी ने नीचे पार्क में भी खेलने नहीं जाने दिया। क्या बड़ों को धूप नहीं लगती?' मिनी बुदबुदाई।

मिनी ने डॉल को फिर से अलमारी में रखा। मम्मी लौटेंगी तो उनसे उसकी आंख ठीक कराएगी, फिर बालकनी में जाकर बाहर देखने लगी। पार्क में एक मैना घास से बीन कर कुछ खा रही थी कि एक गिलहरी उसके पीछे दौड़ी। मैना डर से दूर भाग गई तो गिलहरी वहां खाने लगी। पता नहीं वह क्या खा रही थी। मैना ने फिर उधर कदम बढ़ाया तो इस बार दो गिलहरियों ने उसका पीछा किया। मिनी को इस खेल में बहुत मजा आया। लगा जैसे कि गिलहरी और मैना छुआ-छुई का खेल खेल रही हों। तभी टॉमी कैट जैसा एक बिल्ला एक गौरैय्या की तरफ दबे पांव बढ़ा। मिनी जोर से चिल्लाई, 'भागो-भागो..!' और तालियां बजाने लगी। ताली की आवाज से गौरैय्या उड़ गई। दोनों गिलहरियां भाग गईं और बिल्ला देखता रह गया। उसके शिकार जो हाथ से निकल गए थे। तभी दादी ने आकर पूछा, 'किसे भगा रही थी मिनी?' उसके मुंह से निकला, 'टॉमी कैट को।'

'टामी कैट को! क्या तूने अपना बिल्ला भी डॉल की तरह तोड़कर खराब कर दिया और बाहर फेंक दिया? कितना नुकसान करती है री लड़की।' कहती हुई दादी तो तुलसी को पानी देने लगीं। मिनी ने उनकी नकल उतारी, 'कितना नुकसान करती है री लड़की!' और वहां से भाग गई। दादी पुकारती ही रह गईं, 'मिनी, ओ मिनी, कहां भाग गई, बाहर मत जाना बहुत धूप है..।'

'हां दादी, अब सवेरे से शाम तक पुकारो मुझे। पता नहीं ये छुट्टियां आती ही क्यों हैं?' मिनी भुनभुनाई। *

कविता

घमंडीलाल अग्रवाल



## गरमी की अगवानी

भैया, दीदी, नाना, नानी-
करते गरमी की अगवानी।
उठा हाथ तेरे स्वागत में
ट्विस्ट कर रहे सूती कपड़े,
पतला कुर्ता, धोती पतली
गुन-गुन गीत गा रहे अकड़े,
जेल गए अब गर्म वस्त्र सब-
खूब दिखा अपनी मनमानी।
खरबूजों की, तरबूजों की
फसल तीव्र गति से मुस्काती,
आड़ू, जामुन, आम, लीचियां
बने हुए हैं प्यारे साथी,
'मुझसे करो दोस्ती पक्की'-
कहता ठंडा-ठंडा पानी।
खड़ी हुई-बांहें फैला,
कुल्फी और बर्फ की सिल्ली,
आओ खेलें मिलकर सारे
खेल अनोखा डंडा-गिल्ली,
शीतल पेय छेड़ने बैठे-
धुन प्यारी जानी-पहचानी।

### रंग भरो-175

**रंग भरो-175** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





दिव्यांश, दुर्ग



रितेश, मटियारी



श्वेता, रायपुर



रशिका, जांजगीर



दीत्या, अहिवारा



भाविका, सरोरा

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

आस्तिका-चांपा, भावी-धमतरी, चहक-कोसली, डिंपल-दुर्ग, गौरांग-रायपुर, पलक-धमतरी, परिधि-ईमेल से, सानवी-अंबिकापुर, तेजस-सरोरा, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, विक्की-बिलासपुरा

### रंग भरो 176



बच्चो, यहां ड्रॉइंग बनाती हुई लड़की का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।



## खबर संक्षेप



### हकेंवि की शोधार्थी ने राष्ट्रीय संगोष्ठी में पाया प्रथम पुरस्कार

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग की एम. फार्म की छात्रा अमानत ने एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी नेक्स्ट-जनरेशन मेडिसिन एंड आईपी स्ट्रैटेजी में पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने अमानत को बधाई देते हुए उनके शोध कार्य में उनकी सुपरवाइजर डॉ. मनीषा पांडेय, सह-प्रेक्षक डॉ. मुलाका मारुति और डॉ. तरुण कुमार के प्रयासों की भी सराहना की।

### धौलेड़ा में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

**नारनौल।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धौलेड़ा में बोर्ड परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर टॉपर्स विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति, विद्यालय के सभी स्टाफ़ सदस्य, विद्यार्थी, अभिभावक व क्षेत्र के गणमान्य नागरिक इस समारोह में शामिल हुए। सत्र की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। इसके कक्षा 10वीं व 12वीं के शानदार परीक्षा परिणाम में विद्यार्थियों की ओर से अर्जित उपलब्धियों से अवगत करवाया। समारोह में विद्यालय स्तर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

### श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर किया यज्ञ

**नारनौल।** अग्रवाल सभा में आयोजित की जा रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर वीरवार को आचार्य मनीष शास्त्री ने मुख्य यजमान हनुमान प्रसाद अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, विकास अग्रवाल व समस्त मंगल परिवार से सभी देवी देवताओं का पूजन कराया व यज्ञ में आहुति डलवाई। कथा व्यास आचार्य पंडित बजरंग शास्त्री ने बताया कि यज्ञ नारायण का स्वरूप होता है और किसी भी धार्मिक अनुष्ठान की पूर्ति यज्ञ से ही होती है। हमें जीवन में कभी भी अपने रुपये, यौवन, राजगद्दी का अभिमान नहीं करना चाहिए।

## आईटीआई में खाद्य सुरक्षा व मिलावट जागरूकता सेमिनार आयोजित

# मिलावटखोरी के खिलाफ एकजुट होकर जागरूकता फैलाने का लिया संकल्प

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौल**

स्वस्थ भारत की नींव है सुरक्षित और शुद्ध आहार है। इसको ध्यान में रखते हुए युवा अधिकारिता और उद्यमिता विभाग हरियाणा के दिशा निर्देशानुसार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में वीरवार खाद्य सुरक्षा व मिलावट जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में प्रशिक्षको, युवाओं और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने आज के इस प्रज्वलित विषय पर बढ़ चढ़कर भाग लिया व मिलावटखोरी के खिलाफ एकजुट होकर जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के उप प्रधानाचार्य सुनील कोसलीया द्वारा सभी अतिथियों, वक्ताओं, गणमान्य जनप्रतिनिधियों व प्रशिक्षकों का आत्मीय स्वागत और आभार के साथ किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज के युग में बीमारियों को मद्देनजर रखते हुए इस प्रकार के आयोजन अत्यंत आवश्यक है। प्रदेश के मुखिया माननीय नायब सिंह सैनी व युवा अधिकारिता और उद्यमिता विभाग हरियाणा के माननीय मंत्री गौरव गौतम भी युवाओं को जागरूक करने में विशेष रुचि ले रहे हैं ताकि



**नारनौल।** सामाजिक संगठन को सम्मानित करते हुए उप प्रधानाचार्य सुनील कोसलीया। फोटो : हरिभूमि

युवा सुरक्षित और स्वस्थ रहें। उन्होंने सभी से आह्वान किया की मिलावट को रोकने के लिए ने केवल स्वयं को जागरूक होना होगा बल्कि समाज में इस बारे जागरूकता फैला कर उत्तरदायी नागरिक बनने का प्रण लेना होगा।

सामान्य नागरिक अस्पताल से आहार विशेषज्ञ निक्की कुमारी ने खाद्य सुरक्षा व मिलावट से संबंधित प्रत्येक पहलू पर गहन व विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मिलावटी खाद्य पदार्थों के सेवन से ने केवल स्वास्थ्य संबंधी बीमारियां होती है बल्कि युवाओं का जीवन भी बर्बाद हो रहा है। इससे बचने के लिए उन्होंने घरेलू पहचान विधियो व उपाय को व्यवहारिक उदाहरणों द्वारा समझाया। उन्होंने कहा कि मिलावट न केवल कानूनी बल्कि स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने का भी अपराध है। मिलावट समाज में धीमे जहर के रूप में फैल रही है। इसके विरुद्ध जन जागरण अतिआवश्यक है। मंच संचालन एनसीसी प्रभारी व ब्लॉक युवा समन्वयक अधिकारी मेजर वीरेंद्र कुमार सेकवाल ने किया। कार्यक्रम में दा पीपल ऑफ सोसायटी ट्रस्ट के चेयरमैन यतिन यादव, युवा साथी ग्रुप से टिंकू प्रधान लकी राव व अतर सिंह ने अपने अपने एनजीओ के युवाओं के साथ भागीदारी की। इस मौके पर जगदीश, अमित, गुरदयाल, राजेश, मनीषा यादव, सुदर्शन, नीरज यादव, शक्ति सिंह, मनोज यादव, राखी, मनीषा, निशा, डॉ. अमित कुमार आदि उपस्थित रहे।



**नांगल चौधरी।** विद्यार्थियों को फूड सेफ्टी के लिए जागरूक करती सुपरवाइजर।

### खाद्य पदार्थों में मिलावट की निगरानी रखना उपभोक्ताओं का दायित्व

**नांगल चौधरी।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के तत्वावधान में सीनियर सेकेंडरी स्कूल शहबाजपुर में खाद्य सुरक्षा एवं मिलावट समीनार प्राचार्य छत्रपाल यादव की अधक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें स्कूल के प्राचार्य विकास जयदीप मुख्य रूप से मौजूद रहें। महिला एवं बाल विकास विभाग के सहायक हेमंत कुमार व सुप्रवाइजर सविता ने खाद्य सामग्री की गुणवत्ता से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि शारीरिक स्वास्थ्य खानपान और दैनिक दिनचर्या पर निर्भर होता है। आलस्य और कुपोषित भोजन से शरीर का समुचित विकास नहीं हो पाता तथा विभिन्न बीमारियां पनपने लगती हैं। कुछ व्यापारी लोग मुनाफा कमाने के मकसद से तेल, आटा, घी व अन्य सामान में मिलावट करते हैं। जिसके खाने से किडनी, लीवर व चर्म रोग बढ़ने की संभावना बनी रहती है। बचाव के लिए युवाओं का जागरूक होना अनिवार्य है। इसके लिए सरकार ने औद्योगिक शिक्षण संस्थानों को जागरूकता मिशन की जिम्मेवारी सौंपी है। इसके बाद सीडीपीओ कार्यालय के सहायक हेमंत कुमार ने बताया कि खाद्य सामग्री में मिलावट करना दंडनीय अपराध है। फूड सेफ्टी विभाग को औचक निरीक्षण करने का दायित्व सौंपा गया। उन्होंने विद्यार्थियों को दैनिक उपयोगी वस्तुओं की गुणवत्ता पर नजर रखने के लिए प्रेरित किया।

## खबर संक्षेप

### गुरुकुलम आरडी ग्रीनफील्ड पब्लिक स्कूल का परिणाम रहा शानदार



**महेंद्रगढ़।** बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में गुरुकुलम आरडी ग्रीनफील्ड पब्लिक स्कूल बुंदेबाज नगर के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। छात्रा निकिता ने 91 प्रतिशत अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। आदेश ने 86 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा व खुशबू ने 85.6 प्रतिशत अंक के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। चेयरमैन डॉक्टर देवेंद्र यादव ने बताया कि विद्यालय का परिणाम सत प्रतिशत रहा। अंग्रेजी विषय में कोमल ने 97 अंक प्राप्त किए, हिंदी में निशु ने 96, बायोलॉजी में खुशबू ने 96 अंक, राजनीतिक विज्ञान में आदेश ने 96 अंक, भूगोल में निकिता ने 94 अंक, रसायन विज्ञान में कोमल ने 93 अंक प्राप्त किए। उन्होंने बताया कि बच्चों ने पूरे वर्ष कठिन परिश्रम किया, जिसका परिणाम उन्हें सफलता के रूप में मिला है। गुरुकुलम स्कूल हर क्षेत्र में अव्वल है तथा प्रत्येक परीक्षा परिणाम में अपनी अमिट छाप छोड़ रहा है।

### यदुवंशी थनवास ने निकाली विजय उत्सव रैली



**नारनौल।** यदुवंशी शिक्षा निकेतन थनवास ने सीबीएसई में शानदार रिजल्ट आने पर विजयोत्सव रैली का आयोजन किया। बता दें कि कक्षा 12वीं विज्ञान वर्ग में जैकी पुत्र नरेन्द्र ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर ब्लॉक टॉप किया। इसी तरह आरजू ने 94 प्रतिशत, रिया ने 93.5 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कक्षा 10वीं में सिद्धार्थ ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इन सभी विद्यार्थियों इनके माता पिता व अध्यापकों का यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने माला व साफा पहनाकर तथा स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया। इस अवसर पर चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने कहा कि जैकी ने ब्लॉक व यदुवंशी ग्रुप टॉप कर विद्यालय तथा अपने माता पिता का नाम रोशन किया है। डायरेक्टर सुनिता यादव ने कहा कि यदुवंशी थनवास हमेशा से टॉप रहा है और इसका श्रेय समस्त स्टाफ को जाता है।

### यदुवंशी में एनसीसी के लिए विद्यार्थियों की चयन प्रक्रिया आयोजित



**महेंद्रगढ़।** यदुवंशी शिक्षा निकेतन में 16 हरियाणा एनसीसी बटालियन नारनौल के कर्नल अक्षय माथुर व सूबेदार मेजर दानाराम के दिशा-निर्देशन में नेशनल कैडेट कोर के लिए चयन प्रक्रिया का आयोजित हुआ। इस चयन प्रक्रिया का सफल संचालन नायब सूबेदार परबिंद्र सिंह, हवलदार सुरेंद्र सिंह द्वारा किया गया। जिसमें विद्यालय के लगभग 120 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें सबसे पहले शारीरिक गतिविधियां आयोजित की गई, जैसे 1500 मीटर व 100 मीटर की रेस, लंबी कूद आदि रहीं। इस शारीरिक प्रशिक्षण में केवल 50 विद्यार्थियों को सफलता प्राप्त हुई जिनकी लिखित परीक्षा ली गई। लिखित परीक्षा में विद्यालय के 21 विद्यार्थियों का चयन किया गया। प्राचार्य पवन कुमार ने बताया कि एनसीसी युवाओं में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और राष्ट्र सेवा की भावना विकसित करने का सबसे बड़ा मंच है।

## कर्नल सोफिया पर टिप्पणी पर भाजपा मंत्री के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

**नारनौल।** भारत की जांबाज बेटी कर्नल सोफिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले मंत्री के खिलाफ महिला कांग्रेस ने वीरवार शाम विरोध प्रदर्शन किया। रघुनाथपुरा के जलेबी चौक पर महिला कांग्रेस की ज़िला अध्यक्ष डॉ. राजवती के नेतृत्व में यह प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने नारेबाज़ी की और मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार में जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह का पुतला फूंका, जिसने कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक और अमर्यादित टिप्पणी की थी। इस दौरान डॉ. राजवती ने कहा कि इस तरह की टिप्पणी न केवल महिलाओं का अपमान है, बल्कि यह सरकार की महिला विरोधी मानसिकता को भी



**नारनौल।** भाजपा मंत्री के खिलाफ प्रदर्शन करती जिला अध्यक्ष डा. राजवती यादव व अन्य।

दर्शाती है। उन्होंने मांग की कि मंत्री से तुरंत इस्तीफा लिया जाए और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। महिला कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उचित कदम नहीं उठाए गए तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। हम सभी महिलाएं एकजुट है और हम चुप नहीं बैठेंगे।

## भोजावास में हुआ प्रतिभा सम्मान समारोह

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। नांगल चौधरी**

सरस्वती पब्लिक स्कूल भोजावास में प्राचार्य राजेश कुमार की अध्यक्षता में मेधावी प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें बाहरवीं कक्षा में टॉपर रहे विद्यार्थियों को संस्था के चेयरमैन दयाराम यादव ने पुरस्कृत किया। इसके बाद अभिभावक व विद्यार्थियों का अभिनंदन किया गया। उन्होंने बताया कि अनुशासन और समर्पण कार्यशैली ही सफलता का आधार होती है।

अनुशासित विद्यार्थियों की दैनिक दिनचर्या में भटकाव नहीं आता तथा निरंतरता भावना का समावेश बना रहता है। इसलिए स्कूल में शिक्षा के साथ अनुशासन और प्रतिभा मूल्यांकन पर विशेष



**नांगल चौधरी।** मेधावी प्रतिभाओं को सम्मानित करते चेयरमैन दयाराम यादव।

फोकस रखा जाता है। शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित परिणाम में स्कूल के 42 विद्यार्थियों को मेरिट सूची में स्थान मिला है, जिनमें आठ विद्यार्थियों ने 90 फीसदी से अधिक अंक लेकर संस्था का गौरव बढ़ाया है।

कार्यक्रम में चेयरमैन दयाराम यादव ने मेधावी विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार तथा स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। एमडी अमित यादव ने विद्यार्थियों की अभिनंदन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पहले विद्यार्थियों ने सेना के ऑप्रेशन सिंदूर पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया और भारतीय सेना के साहस व अनुशासन का उल्लेख किया है। इस मौके पर कॉर्डिनेटर कुलदीप यादव, ममता, अशोक कुमार मौजूद रहे।

### 10वीं तथा 12वीं में कपिल स्कूल ने पाई सफलता



**महेंद्रगढ़।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा हाल ही में घोषित किए परीक्षा परिणाम में कपिल विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने बाजी मारी है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। 12वीं के परीक्षा परिणाम में विद्यालय के छात्रों ने विभिन्न विषयों में सराहनीय प्रदर्शन किया। अंग्रेजी में उच्चतम अंक 90, इतिहास में 95, हिंदी में 99, राजनीति शास्त्र में 90, केमिस्ट्री में 95, बायो में 93, फिजिक्स में 90 व गणित विषय में 95 अंक रहे। इसके अलावा संगीत विषय में अधिकतम अंक स्कोर 100 रहा। विद्यालय के अधिकांश छात्रों ने मेरिट प्राप्त करके अपनी प्रतिभा का परिचय दिया हैं।

### सिटी वर्ल्ड स्कूल का सीबीएसई 10वीं व 12वीं परीक्षा परिणाम रहा सराहनीय



हिमांशु



हर्ष

**महेंद्रगढ़।** सिटी वर्ल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल पालड़ी पनिहारा के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 10वीं एवं 12वीं परीक्षा परिणाम में बेहतरीन सफलता प्राप्त की हैं। कक्षा 10वीं में हर्ष पुत्र सुनील कुमार ने 94.4 तथा कक्षा 12वीं में हिमांशु पुत्र अजय कुमार ने मेडिकल संकाय में 88.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10वीं एवं 12वीं दोनों में विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। परीक्षा परिणाम को देखकर विद्यार्थियों में खुशी का माहौल देखने को मिला। कक्षा 10वीं के विषय वार परिणाम में विद्यार्थियों ने विज्ञान में 96, अंग्रेजी 95, म्यूजिक 95, सामाजिक 94, हिंदी 91 तथा गणित में 90 अंक हासिल किए, वहीं कक्षा 12वीं में विद्यार्थियों ने म्यूजिक में 99, हिंदी 96, केमिस्ट्री 95, बॉयो 88, अंग्रेजी 87 तथा फिजिक्स में 85 अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया।

### केएल मैमोरियल स्कूल के 130 कैडेट ने शारीरिक दक्षता की परीक्षा दी



**नांगल चौधरी।** केएल मैमोरियल स्कूल इस्लामपुरा में एनसीसी कैडेट भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता की परीक्षा का आयोजन प्राचार्य सुभाषचंद की अगुवाई में संपन्न हुआ। जिसमें पंजीकृत 130 विद्यार्थियों ने फिजिकल क्वालिफाई किया, जिन्हें लिखित परीक्षा देना अनिवार्य है। मेरिट के आधार पर 27 विद्यार्थियों का चयन किया जाना है। एनसीसी के कर्नल अक्षय माथुर, सूबेदार दानाराम ने भर्ती प्रक्रिया का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का रूझान सेना की तरफ बढ़ाने के लिए कॉलेज व स्कूलों में एनसीसी यूनिट स्वीकृत की गई हैं। केएल मैमोरियल स्कूल में 50 विद्यार्थियों की दो यूनिट स्वीकृत की हैं। जिनमें आठवीं और नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों को आवेदन करने की अनुमति है। बीते साल दो आवेदक अनुपस्थित रहे थे। जिस कारण 25 कैडेटों की संख्या पूरी नहीं हो पाई। अबकी बार 27 कैडेट भर्ती किए जाएंगे। इसके लिए 130 युवाओं ने पंजीकरण कराया है। आवेदकों की शारीरिक दक्षता की परीक्षा के लिए दौड़, लंबी कूद, पांच मीटर की सेटल दौड़ निर्धारित है। जिसमें सफल प्रतिभागियों की लिखित परीक्षा होगी और मेरिट के आधार पर 27 आवेदकों का चयन किया जाएगा।

### शहीदों के परिजनों को 1 करोड़ राशि देने का फैसला सराहनीय: कंवर सिंह यादव

**महेंद्रगढ़।** विधायक कंवर सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मुख्यमंत्री नायब सैनी के शहीदों के परिजनों को 50 लाख की राशि बढ़ाकर एक करोड़ रुपये करने की घोषणा को ऐतिहासिक व सराहनीय बताया है। कंवर सिंह यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का यह फैसला राष्ट्रहित में है। प्रदेश के मुख्यमंत्री ने शहीदों की राशि को 50 लाख से बढ़ाकर एक करोड़ रुपये कर भारतीय सेना मनोबल बढ़ाया है। नायब सैनी व उनकी सरकार ने राष्ट्रहित में बड़ा फैसला लिया और उनका संगठन एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया नायब सैनी को प्राइड आफ नेशन अवार्ड से सम्मानित करेगा। इससे पहले भी जब मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने शहीद परिवारों की आर्थिक सहायता बढ़ाई थी तो भी एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया ने मनोहर लाल खट्टर को हरियाणा रत्न का अवार्ड दिया था, लेकिन जंग के समय में नायब सैनी ने शहीद परिवारों की राशि 50 लाख से बढ़ाकर एक करोड़ की इससे पूरे देश में यह संदेश गया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी राष्ट्रभक्त हैं और भारत माता के प्रति समर्पित हैं। विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के उस फैसले का भी स्वागत किया है, जिसमें उन्होंने एक करोड़ की राशि में से 33 प्रतिशत पत्नी व बाकी माता-पिता को देने की घोषणा की।



### परीक्षा परिणाम को लेकर एसडी के विद्यार्थियों ने जताई खुशी



**कनीना।** एसडी विद्यालय ककराला के प्रांगण में वीरवार को 10वीं व 12वीं कक्षा के परिणाम को लेकर विद्यार्थियों ने खुशी जताई। विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव ने बताया कि सीबीएसई की ओर से हाल ही में घोषित किए गए 10वीं कक्षा के परिणाम में एसडी विद्यालय ककराला के 36 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से ऊपर अंक हासिल किए है। इसी प्रकार 12वीं कक्षा के परिणाम में भी विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है। उन्होंने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के उपलक्ष्य में टॉपर रहने वाले विद्यार्थियों का फूलमाला व पगड़ी पहनाकर तथा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि बारहवीं कक्षा में छात्रा सोनम ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्राकी तथा महेश ने दूसरा, 94 प्रतिशत अंक लेकर आशीष ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। दसवीं कक्षा में अदिति आर्य ने 97.8 प्रतिशत, दिशांत मित्तल ने 96.8 प्रतिशत व माही ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। उन्होंने बताया कि 10वीं में 137 तथा 12वीं कक्षा में 106 विद्यार्थियों ने मेधावी सूची में स्थान बनाया है। उप निदेशक ओमप्रकाश यादव ने बताया कि दसवीं व बारहवीं का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा है। दोनों कक्षाओं में शत प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे हैं। इस मौके पर उपप्राचार्य पूर्णसिंह, सीईओ आरएस यादव आदि मौजूद थे।

### विद्या देवी स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**नारनौल।** सीबीएसई की ओर से 12वीं कक्षा का बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्या देवी इंटरनेशनल स्कूल में खुशियों की लहर दौड़ गई। स्कूल ने इस वर्ष भी शत प्रतिशत परिणाम हासिल कर एक और गौरवशाली उपलब्धि अपने नाम की है। विद्यालय की छात्रा तनिका पुत्री नसीब सिंह ने 457 अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान, रिया पुत्री सुरेन्द्र कुमार ने 452 अंक लेकर दूसरा स्थान व विशान्त पुत्र संजय कुमार ने 442 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। खास बात यह रही कि विद्यालय के 90 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान पाया। जिससे स्कूल का नाम क्षेत्र में गौरवपूर्ण रूप से उभरा। विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार ने इस उत्कृष्ट परिणाम पर सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह परिणाम समर्पित शिक्षकों, परिश्रमी विद्यार्थियों और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है।

**PUBLIC NOTICE**

I Army Ex. No. JC-371945M Rank Sub/Maj/Hony. Capt. Devanand S/o Shri Dataram Yadav R/o VIllage Simli Tehsil Nangal CHoudhary Distt. M/Garh Haryana declare that my army record my daughter name wrongly mentioned Jyoti but her correct name is Jyoti Yadav and DOB 20.04.2001. the amendments as per in future all purpose.

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै सुधा पत्नी स्व. अनिल यादव जाति अहीर वासी गांव कुतबापुर तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ बयान करती हूं कि मेरे पति स्व. अनिल यादव पुत्र श्री बहादुर सिंह का देहान्त 27.10. 2022 को हो चुका है। उनके देहान्त के बाद उनके निम्न कानूनी वारिस है। 1. श्रीमति सुधा पत्नी 2. केशव पुत्र 3 श्रीमति बनारसी माता। इनके अलावा उनके और कोई कानूनी वारिस नहीं है। इस बाबत किसी को कोई एतराज है तो वह 30 दिन के अन्दर-अन्दर अपनी आपत्ति दर्ज कराएं। उपरोक्त शपथपत्र पूर्णतया सत्य है जिसकी सारी जिम्मेदारी मेरी है।

**समझौता** हकेंवि के सिविल इंजीनियरिंग विभाग में स्थापित होगा सेंटर आफ एक्सीलेंस

# हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय और अल्ट्राटेक सीमेंट के बीच हुआ एमओयू

दोनों संस्थाओं और विद्यार्थियों के लिए लाभकारी पहल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। महेंद्रगढ़**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय और अल्ट्राटेक सीमेंट ने समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के अंतर्गत विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग विभाग में आधुनिक निर्माण सामग्री की जानकारी और सतत निर्माण पद्धतियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक सेंटर आफ एक्सीलेंस की स्थापना की जाएगी।

यह सेंटर आफ एक्सीलेंस अनुसंधान, प्रशिक्षण और ज्ञान के प्रसार का एक महत्त्वपूर्ण केंद्र



**महेंद्रगढ़।** अल्ट्राटेक सिमेंट के अधिकारी के साथ एमओयू हस्तांतरित करते कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार। फोटो : हरिभूमि

बनेगा, जो नवाचार और पर्यावरण अनुकूल निर्माण तकनीकों पर केंद्रित होगा। साथ ही इस साझेदारी के अंतर्गत हकेंवि और अल्ट्राटेक सीमेंट विद्यार्थियों के लिए संयुक्त रूप से एक सर्टिफिकेट कोर्स भी प्रारंभ करेंगे।

विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कहा कि यह समझौता अकादमिक संस्थान और उद्योग के बीच सहयोग को बढ़ावा देने में एक मील का पत्थर सिद्ध होगा। यह दोनों संस्थाओं और विद्यार्थियों के लिए लाभकारी पहल है। अल्ट्राटेक सीमेंट से हरियाणा के प्रमुख राहुल गोयल और अमन सहगल ने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को साइट विजिट, इंटर्नशिप, प्रशिक्षण कार्यक्रम और प्लेसमेंट के अवसर प्रदान करने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने उद्योग की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप निरंतर ज्ञान अद्यतन की आवश्यकता को भी रेखांकित किया। विश्वविद्यालय समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा ने कहा कि उद्योग और शिक्षा संस्थानों के बीच सहयोग तकनीकी हस्तांतरण और नवाचार को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

यह समझौता विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीकों तक पहुंच और उद्योग की दिशा में चल रही प्रवृत्तियों से अवगत कराएगा। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने कहा कि ऐसे समझौते विद्यार्थियों को व्यावसायिक दुनिया से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम बनते हैं और विभाग को आगे बढ़ाने में सहायक होते हैं।

### इंडस वैली स्कूल में हुआ पारितोषिक वितरण समारोह



**महेंद्रगढ़।** गांव दौंगड़ा अहीर स्थित इंडस वैली पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम आयोजित कर गत दिवस सीबीएसई द्वारा 10 वीं व 12 वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि आर्य समाज दौंगड़ा अहीर के प्रधान रघुवीर आर्य रहे। विशिष्ठ अतिथि ब्लॉक समिति सिहमा के चेयरमैन राजकुमार व प्रधान मामन सिंह रहे। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन धर्मेन्द्र यादव ने बताया कि पांच से छह बार जिला टॉप, दो बार हरियाणा टॉप व एकबार आल इंडिया टॉप भी किया है। अकेडमिक शिक्षा के साथ-साथ हमारे यहां फाउंडेशन कक्षाएं भी तीन साल से लगातार चल रही है, जिसकी वजह से हमारे छात्रों ने जेईई मेन्स, नीट आदि में उपलब्धियां हासिल की है। कक्षा 12 वीं में प्रिया पुत्री मनोज कुमार ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, ओनिक पुत्र बिल्लू 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा अंशु पुत्री सुरेंद्र, रीतिका पुत्री रवींद्र व लक्ष्य पुत्र संदीप 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10 वीं में प्रथम स्थान पर भव्यांश पुत्र डॉ. तनुज ने 98 प्रतिशत अंक, द्वितीय स्थान पर अंजली पुत्री संजय 97 प्रतिशत अंक व तृतीय स्थान पर कार्तिक पुत्र रामपाल ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की।

## खबर संक्षेप

### विशेषज्ञ चिकित्सकों से सुदृढ़ होंगी स्वास्थ्य सेवाएं

**नारनौल।** हरियाणा सरकार प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ व सुलभ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में राज्य के विभिन्न चिकित्सा संस्थानों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति को प्राथमिकता दी जा रही है। प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हड़ जिला नूंह में महर्षि च्यवन चिकित्सा महाविद्यालय कोरियावास के लिए सीनियर रेजीडेंट की नियुक्ति के लिए आठ से 10 मई तक साक्षात्कार आयोजित किए गए।

### दूरसंचार सलाहकार समिति के सदस्य बने चौ. रामनिवास

**महेंद्रगढ़।** प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम के जिला संयोजक एवं भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला महासचिव चौधरी रामनिवास खेड़ी को दूरसंचार सलाहकार समिति सदस्य नियुक्ति किया गया है। भारत सरकार के दूरसंचार मंत्रालय में चौधरी रामनिवास खेड़ी को टेलीफोन सलाहकार समिति का सदस्य नियुक्त किया है। टेलीफोन सलाहकार समिति (टीएसी) में सदस्य के तौर पर चौधरी रामनिवास की नियुक्ति एक साल के लिए की गई हैं।

### शिविर में 42 नागरिकों ने रखी अपनी समस्याएं

**नारनौल।** राज्य के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दिशानिर्देशन में जिला प्रशासन की ओर से नागरिकों की समस्याओं के निवारण के उद्देश्य से आयोजित करवाए जा रहे समाधान शिविर आम नागरिकों के लिए भरोसे का प्रतीक बनते जा रहे हैं। वीरवार को लघु सचिवालय के कमरा नंबर 18 में नगराधीश मंजीत कुमार की अध्यक्षता में आयोजित समाधान शिविर में 42 नागरिकों ने विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा।

### आदर्श शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित होंगे नीरज

**महेंद्रगढ़।** साहित्यकार व शिक्षक नीरज राव खेड़ा को मथुरा में एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में आदर्श शिक्षा रत्न सम्मान 2025 से सम्मानित किया जाएगा। आदर्श संस्कारशाला मथुरा के तत्वावधान में आयोजित छह से आठ जून के मध्य तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस संस्कार महाकुंभ 2025 एवं सम्मान समारोह बीएसए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के आडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा।

### यदुवंशी ग्रुप की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में खुशी के पल

**नारनौल।** यदुवंशी डिग्री कॉलेज में नियमित अध्ययनरत सरिता पुत्री इंद्रजीत सिंह एमएससी वनस्पति विज्ञान तृतीय वर्ष कि छात्रा ने यूजीसी नेट की ऑल इंडिया परीक्षा में 188वीं रैंक प्राप्त की है। छात्रा ने कहा कि अब तक के परीक्षा परिणाम प्रत्यक क्षेत्र में जारी हुए हैं, वो सब यदुवंशी एजुकेशन ग्रुप की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में विद्यार्थियों ने नियमित कक्षा से व लाइब्रेरी में पुस्तकों व कंपीटिशन की तैयारियों की कक्षाओं की सुविधा मिलने से प्राप्त हुए हैं। चेयरमैन का छात्रा ने कॉलेज स्तर पर सुविधाओं के लिए आभार व्यक्त किया।

# खुद के पैसे से स्कूल में तैयार कर दी राजनीति विज्ञान लैब, विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ

- प्रदेश में पहली बार सरकारी स्कूल में राजनीति विज्ञान लैब तैयार, नहीं लगा सरकारी पैसा

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल


नारनौल। अकबरपुर स्कूल में तैयार की गई राजनीति विज्ञान लैब।

शिक्षा में लैब अथवा प्रयोगशाला एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। यह विद्यार्थियों को अवधारणाओं को समझने, प्रयोगों के माध्यम से सीखने और वैज्ञानिक सोच को विकसित करने के लिए एक व्यावहारिक अनुभव प्रदान करती हैं। आमतौर पर हमने रसायन विज्ञान, भूगोल, जीव विज्ञान जैसे विषयों की लैब एवम विशेष कक्षा कक्ष देखे हैं, किन्तु जिला महेंद्रगढ़ के एक स्कूल के शिक्षक ने अपनी रचनात्मक सोच व सार्थक प्रयासों से 'राजनीति विज्ञान' जैसे विषय के लिए भी लैब और विशेष कक्षा कक्ष स्थापित किया है। उस पर भी आश्चर्य की बात यह है कि कि हज़ारों की लागत से तैयार इस लैब का एक भी रुपया सरकारी कोष से नहीं लिया गया। इसका प्रबंध शिक्षक ने स्वयं तो किया ही, साथ में प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट जैसी सामाजिक संस्था की मदद भी ली गई। खण्ड नांगल चौधरी के गांव अकबरपुर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के राजनीति विज्ञान के प्रवक्ता डॉ. संजय शर्मा ने सम्भवतः राज्य भर में राजनीति विज्ञान जैसे विषय की प्रथम प्रयोगशाला स्थापित की है, जहां छात्र अपनी समझ को बेहतर बनाने के लिए प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त कर सकते हैं और अपने विषय व राजनीति को समझने के लिए नई चीजें खोज सकते हैं। प्राचार्य सीमा यादव बताती हैं कि डॉ संजय शर्मा एक रचनात्मक शिक्षक हैं और अपने शिक्षण में नवीनता भरे प्रयोग करते रहते हैं। राजनीति विज्ञान की उनकी लैब विषय को सरस व आकर्षक बनाने का काम करती है।

### लैब में डिजिटल तकनीक का भी प्रयोग

अकबरपुर स्कूल में राजनीति विज्ञान की लैब के संस्थापक डॉ संजय शर्मा बताते हैं कि इस लैब की स्थापना का मूल उद्देश्य किसी भी माध्यम से बच्चों को स्थाई अधिगम प्रदान करना है। उन्होंने कक्षा 12वीं की सभी पुस्तक को डिजिटल संस्करण में बदल दिया है। किताब को पॉवर पॉइन्ट के रूप में तैयार कर उसे एक आकर्षक स्वरुप प्रदान किया है। जो किताबें बोरियत का एहसास कराती थी, अब तकनीकी मिश्रण से आकर्षक लगने लगी हैं। हर चैप्टर को स्लाइड में तैयार किया गया है। इतना ही नहीं, शिक्षक ने मूल्यांकन को भी डिजिटल स्वरुप प्रदान किया है। हर चैप्टर के बाद एक डिजिटल क्विज रखी गई है जो बहुत ही रोचक है। सम्भवतः यह राजनीति विज्ञान की प्रयोगशाला पूरे राज्य की इकलौती प्रयोगशाला है। डॉ संजय शर्मा जैसे शिक्षक शिक्षा में नवाचार के माध्यम से पूरे हरियाणा में नाम रोशन कर रहे हैं।

### क्या है यह लैब

अपनी तरह की अनोखी और एकमात्र प्रयोगशाला में राजनीति विज्ञान जैसे विषय से संबंधित चित्रों, पाठ्यक्रम से जुड़े पोस्टर, शिक्षण सहायक सामग्री का संकलन किया गया है। उन्हें विद्यार्थियों के लिए सजाया गया है। डॉ संजय शर्मा बताते हैं कि इस प्रयोगशाला की हर दीवार और हर कोना राजनीति विज्ञान के पाठ्यक्रम से जुड़ा है।


प्रवक्ता संजय शर्मा

बच्चों को कमरे की एक एक ईंट कुछ न कुछ सीखने को प्रेरित करती है। राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय राजनीति विचारकों के विचारों से दीवारें बोल रही है तो भारतीय और विदेशी विद्वानों से परिचय भी इस प्रयोगशाला में हो जाता है। कमरे में मोदी से लेकर हेडगेवार तक के विचारक नजर आ जाते हैं। इसके अतिरिक्त बच्चों के परिक्षण के लिए ऑन स्क्रीन और ऑफ स्क्रीन दोनों तरह के टेस्ट भी उपलब्ध हैं। लैब में छात्र राजनीति माहौल और अवधारणाओं को अनुभव करते हैं, जिससे उन्हें बेहतर सीखने को मिलता है। यह लैब बच्चों में व्यवहारिक कौशल का विकास करने में सहायता करती है। लैब में उपलब्ध सामग्री से विद्यार्थियों में डेटा विश्लेषण करने का कौशल विकसित होता हैं। डॉ शर्मा आगे बताते हैं कि सीखने के लिए माहौल का होना सबसे अहम होता है। राजनीति विज्ञान की यह लैब बच्चों को विषयानुकूल माहौल प्रदान करती है ताकि बच्चा बेहतर माहौल में सीख सके। राजनीति विज्ञान की लैब अधिक आकर्षक और प्रभावी शिक्षण प्रदान करेगी। लैब में शिक्षण गतिविधियों को छात्रों के लिए अधिक आकर्षक व प्रभावी बनाया जा सकता है, जिससे वे अधिक प्रेरित होकर सीखने को प्रोत्साहित हो सके।

## दुकानदारों व रेहड़ी चालकों ने किया 10 फीट तक का कब्जा

# अतिक्रमण के कारण दिन-प्रतिदिन सिकुड़ती जा रही हैं शहर की सड़कें

सब्जी मंडी रोड व शॉपिंग कॉम्पलैक्स में अतिक्रमण की भरमार

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़


महेंद्रगढ़। शहर के बालाजी चौक के समीप लगा जाम। फोटो : हरिभूमि

शहर के मुख्य बाजार की सड़के दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण के कारण दिन-प्रतिदिन सिकुड़ती जा रही हैं। सड़कों पर दुकानदारों व रेहड़ी चालकों ने 5 से 10 फीट तक का कब्जा किया हुआ है। इसके बाद कुछ जगह बचती भी है तो उस जगह पर लोग गलत तरीके से वाहन खड़ा कर देते हैं। ऐसे में शहर की मुख्य सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती है तथा पैदल राहगीरों के गुजरने के लिए भी रास्ता शेष नहीं बचता।

शहर में रेलवे रोड, आईटीआई रोड व सिनेमा रोड हो या फिर बाजार, हर जगह अतिक्रमण से जाम की समस्या है। दुकानदार सामान को दुकान के कई फुट बाहर तक लगा लेते हैं। इसके बाद जब ग्राहक दुकान पर खड़ा होता है, वह भी स्थान घेरता है। मार्ग के दोनों ओर अतिक्रमण के चलते सड़क काफी संकरी हो जाती है। ऐसे में राहगीरों एवं वाहनों के निकलने को स्थान नहीं मिलता और जाम के हालात बन जाते हैं। शहर के सब्जी मंडी रोड व शॉपिंग कॉम्पलैक्स में अतिक्रमण की भरमार है। ऐसे में यहां राहगीरों को चलने के लिए भी रास्ता नहीं मिल पाता। कई बार अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाए गए। अभियान के दौरान तो अतिक्रमण हट जाता है

लेकिन अभियान थमते ही फिर से अतिक्रमणकारियों का कब्जा हो जाता है। शहर में सिनेमा रोड, रेलवे रोड, 11 हट्टा बाजार, सब्जी मंडी रोड, आईटीआई रोड, सरार्फा बाजार, माता मसानी चौक सहित अन्य स्थानों पर भी यही स्थिति रहती है।

### धड़ल्ले से लगाया हुआ है सामान

शहर की शायद ही ऐसी कोई सड़क मार्ग होगा, जहां अतिक्रमण न हो। इससे यातायात बाधित होता है। त्योहार के समय तो हालत यह हो जाते हैं, कि सड़कें संकरी हो जाती हैं और लोग पैदल भी नहीं निकल पाते। कई बार प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए सड़क पर सामान रखने वालों पर जुमार्ना भी किया, फिर सुधार नहीं हुआ। शहर के सब्जी मंडी रोड, शॉपिंग कॉम्पलैक्स, रेलवे रोड, 11 हट्टा बाजार इत्यादि सड़क मार्गों पर दुकानदारों ने धड़ल्ले से सामान लगाया हुआ है। जिसके बाद रोड सिकुड़ कर आधा भी नहीं बचा है।

### पार्किंग व्यवस्था न होना भी बड़ी समस्या

सड़कों पर गाड़ी खड़ी करना लोगों की लापरवाही नहीं बल्कि मजबूरी है। क्योंकि शहर में नगर पालिका के पास पार्किंग के लिए जमीन नहीं है। अब सवाल ये उठता है कि यदि लोग बाजारों में गाड़ियों को खड़ी ना करें तो कहां करें। शहर में पार्किंग की सुविधा ही उपलब्ध नहीं है। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्र से आए ग्रामीण लोग अपने वाहनों को खरीददारी के दौरान सड़कों पर खड़ा कर चले जाते हैं। जिसके कारण आधी से ज्यादा सड़क वाहनों के कारण अवरूध हो जाती है।


मंडी अटेली। बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए।

# बिजली उपमंडल अधिकारी कार्यालय पर दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭मंडी अटेली

बिजली उपभोक्ता मंच हरियाणा सम्बंधित आल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी कंज्यूमर एसोसिएशन के ब्लाक अटेली मण्डी की ओर से बिजली उपभोक्ताओं ने वीरवार बिजली उपमंडल अधिकारी कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया।

इस दौरान एसडीओ को मांग पत्र भी सौंपा गया। इस प्रदर्शन के दौरान बिजली उपभोक्ताओं ने बिजली के निजीकरण पर रोक लगाने बिजली को निजी हाथों में सौंपने पर रोक लगाने, स्मार्ट मीटर स्कीम वापस लेने, बिजली बिल-2003 को रद्द करने, बिजली संशोधन बिल 2022 वापस लेने, बिजली की बढ़ी हुई दरों को वापस लेने, किसानों के कृषि कनेक्शन अविलंब जारी करने, बिजली उपभोक्ताओं की मूलभूत समस्याओं का समाधान करने जैसी बिजली उपभोक्ताओं की मांगों के प्रदर्शन करते हुए बिजली जैसी आवश्यक जनसेवा को प्राइवेट हाथों में सौंपने को विरोध जताया।

धरने को संबोधित करते हुए मंच के जिला संयोजक छाजूराम रावत ने बताया कि बिजली एक जनसेवा है। बिजली जैसी आवश्यक सेवा, जिसके बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती, वहीं बिजली जैसी इस आवश्यक सेवा को मुनाफा की वस्तु नहीं बनाया जा सकता है। किसान मजदूरों के जन आंदोलनों के नेता ओमप्रकाश ने बिजली दरों में बढ़ोतरी को सरकार का जन विरोधी कदम बताते हुए इस बढ़ोतरी को वापस लेने की मांग की है।

### ज्ञापन सौंपा

बिजली उपभोक्ता मंच हरियाणा के अटेली मण्डी संयोजक डॉ. राजेन्द्र प्रसाद खरब ने बताया कि मीटर रीडिंग नियमित रूप से नहीं करने पर उपभोक्ताओं पर कई महीनों की इकट्ठी राशि का भार एकसाथ पड़ता है, जो समय पर एकसाथ जमा करवाने में मुश्किल होती है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि घरों व रिहायशी बस्ती के ऊपर से जा रही हाई टेंशन लाइन को शिफ्ट किया जाए। बिजली लाइन के लूज तारों को कसा जाए। टेढ़े-मेढ़े व लोहे के खम्भों को बदला जाए और सभी ट्रांसफार्मर पर स्वीच लगाए जाएं। दोबारा सिक्योरिटी राशि लेने पर रोक लगाई जाए।

# सांग सम्राट मास्टर नेकीराम की स्मृति में अकादमी गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल


नारनौल। मुख्य अतिथि सुमित गिरी महाराज माजरी धाम को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरियाणवी लोक संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन के लिए क्षेत्र के गांव मिर्जापुर बाछौद में मास्टर नेकीराम हरियाणवी सांस्कृतिक म्यूजिकल अकादमी का गठन किया गया। यह जानकारी देते हुए अकादमी के चेयरमैन व हरियाणवी लोक गायक ईश्वर सिंह सांगी ने बताया कि प्रसिद्ध सांग सम्राट व लोक कवि मास्टर नेकीराम की स्मृति में गठित इस अकादमी का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुमित गिरी महाराज माजरी धाम द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि इस अकादमी द्वारा नई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें विभिन्न वाद्य यंत्रों के संचालन और हरियाणवी लोक गायकी की बारीकियों से रूबरु कराया जाएगा। वहीं अकादमी के माध्यम से क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्य अतिथि सुमित गिरी महाराज माजरी धाम ने कहा कि मास्टर नेकीराम हरियाणा और राजस्थान के मशहूर सांग सम्राट व लोक कवि थे। उनकी स्मृति में इस तरह की अकादमी का गठन करना न केवल प्रशंसनीय है, बल्कि हरियाणवी लोक संस्कृति के प्रचार–प्रसार के साथ उनकी यादों को चिरस्थाई बनाए रखने का बेहतरीन प्रयास है। अकादमी के सचिव रवींद्र कुमार और कोषाध्यक्ष ललित बाछौदिया की देखरेख में हुए इस कार्यक्रम में वीरू राणा, नरेन राणा, छंगाराम, सोनू राजगढ़िया, नरेश यादव, मेघसिंह, श्यामसुंदर मांढण, संदीप, लीलू राघव, भंडारी राणा, हेमंत हाजीपुर, सुनील, अरुण जैतड़ावास व ईश्वर टोनी सहित दर्जनों लोक कलाकारों को उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

### आंगनबाड़ी वर्कर्स ने सौंपा ज्ञापन

**नारनौल।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन हरियाणा सम्बंधित एआईयूटीयूसी ने वीरवार को राज्य प्रधान कृष्णा देवी के नेतृत्व में नांगल चौधरी प्रधान कमलेश, बलजीत, कृष्णा देवी, एआईयूटीयूसी जिला प्रधान मास्टर सुबेसिंह ने आंगनबाड़ी कर्मियों की मांगों को लेकर ज्ञापन जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि ब्लॉक नांगल चौधरी के आंगनबाड़ी कर्मियों के फरवरी से मार्च तक का मानदेय भुगतान किया जाए, महेन्द्रगढ़ ब्लॉक का अब तक का टीए व डीए भुगतान किया जाए, कनीना ब्लॉक का दो महीने के भत्ते, सन्तोष ढिल्लो के 60 वर्ष बाद देय बीमा राशि का भुगतान करने, कनीना ब्लॉक की केन्द्र सरकार की तीन महीने की राशि प्रदान की जाए। जिस पर जिला कार्यक्रम अधिकारी ने लम्बित मांगों के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

# हकेंवि में दयानंद पीठ पुनः सक्रिय होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल


नारनौल। कुलपति को ज्ञापन देते हुए आर्य समाज के प्रतिनिधि। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय पाली जांट में विगत वर्षों से निष्क्रिय पड़ी दयानंद पीठ को पुनः सक्रिय किए जाने की मांग को लेकर गुरुवार को जिले की आर्य समाज इकाइयों के एक प्रतिनि धिमंडल ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार से भेंट की तथा इस विषय पर विस्तृत चर्चा की। चर्चा के दौरान इस मांग को लेकर प्रतिनिध मंडल ने कुलपति को एक ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञात हो कि भारत सरकार द्वारा समाज-सुधारक ऋषि स्वामी दयानंद सरस्वती के विचारों और वैदिक सिद्धांतों के प्रचार-प्रसार हेतु विश्वविद्यालय परिसर में दयानंद पीठ की स्थापना की गई थी, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से यह पीठ पूर्णतः निष्क्रिय है, जिससे विश्वविद्यालय की वैचारिक भूमिका कमजोर हुई है और आर्य समाज सहित व्यापक समाज में चिंता और असंतोष की भावना उत्पन्न हुई है। प्रमुख रूप से कप्तान जगराम आर्य, डॉ. आरएन यादव, रामनिवास धौलेड़ा, सत्यव्रत शास्त्री, राजेश शास्त्री, एडवोकेट धर्मवीर यादव, सतीश आर्य, कंवर सिंह आर्य, वीर सिंह एवं डॉ. प्रेमराज यादव शामिल रहे।

कुलपति ने प्रतिनिधियों की बात को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि विश्वविद्यालय प्रशासन इस विषय को प्राथमिकता के आधार पर ले रहा है और अगले एक सप्ताह के भीतर दयानंद पीठ की गतिविधियां पुनः आरंभ कर दी जाएंगी। आर्य समाज संगठनों ने कुलपति की सकारात्मक प्रतिक्रिया का स्वागत किया और आशा जताई कि दयानंद पीठ पुनः समाज-सुधार, वैदिक मूल्यों एवं रचनात्मक विचारधारा के प्रचार का एक सशक्त केंद्र बनेगा।

## गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक के छात्र का टाटा मोटर्स में फ्रंटलाइन में इंजीनियर पद पर चयन


नारनौल। युवक को नियुक्ति पत्र प्रदान करते प्रधानाचार्य इंजी. अनिल यादव।

**नारनौल।** बाबा खेतानाथ गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक, नारनौल के छात्र देवेंद्र ने अपने कठिन परिश्रम और समर्पण से क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मूल रूप से कुंजपुरा निवासी देवेंद्र का चयन देश की प्रतिष्ठित ऑटोमोबाइल कंपनी टाटा मोटर्स में फ्रंटलाइन इंजीनियर पद के लिए हुआ है। देवेंद्र ने अपने तीन वर्षीय डिप्लोमा कोर्स के दौरान तकनीकी शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पढ़ाई के साथ-साथ उन्होंने कई तकनीकी प्रोजेक्ट्स और वर्कशॉप्स में भाग लेकर अपने कौशल को और निखारा। टाटा मोटर्स जैसी बहुराष्ट्रीय कंपनी में चयन होना एक बड़ी उपलब्धि मानी जाती है और इस सफलता से यह साबित होता है कि समर्पण, लगन और सही मार्गदर्शन से किसी भी छात्र को ऊँचाइयों तक पहुँचाया जा सकता है।

कॉलेज प्रशासन ने देवेंद्र की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया है। संस्थान के प्राचार्य अनिल यादव ने कहा कि देवेंद्र जैसे छात्रों की सफलता से न केवल कॉलेज की प्रतिष्ठा बढ़ती है, बल्कि अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिलती है। हम उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हैं।

## घोषणा के दो वर्ष बाद भी कार्य लटका अधर में, दुकानदार व वाहन चालक परेशान

# निजामपुर में बाइपास के लिए मंजूर हुए थे 5 करोड़ 18 लाख, अब तक नहीं बना

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल


नारनौल। निजामपुर की सड़क, जहां बीच बाजार से गुजरते हैं भारी वाहन।

निजामपुर में बाईपास निर्माण महज एक सपना बनकर रह गया है। प्रदेश में पिछली सरकार में डिप्टी सीएम रहे दुष्यंत चौटाला ने करीब दो वर्ष पहले एक जनसभा के दौरान इसको तैयार करने के लिए पांच करोड़ 18 लाख रुपये की राशि मंजूर की थी, जिसका निर्माण कार्य आज भी अधर में लटका हुआ है।

जानकारी के अनुसार गांव छिलरो में नारनौल रोड से लेकर वाया दनचौली रोड होते हुए निजामपुर बीडीपीओ ब्लॉक के पास खेतड़ी रोड को जोड़ने वाला यह बाइपास बनना था, जो खटाई में पड़ता दिखाई दे रहा है।

कस्बे के दुकानदारो के द्वारा पिछले करीब तीन वर्ष से ये लोग सरकार से मांग करते आ रहे थे। क्योंकि निजामपुर कस्बा का रोड मात्र 42 फुट चौड़ा है, जहां रोजाना दिनरात ओवरलोड डंपर एवं अन्य छोटे व भारी वाहन यहां से गुजरते हैं। यहां राजस्थान के जिला झुंझुनूं व सीकर से रोड़ी, बजरी व पत्थर से भरे भारी वाहन कस्बे के बीच से गुजरने वाली सड़क से होकर नारनौल व नांगल चौधरी की तरफ निकलते हैं।

आसपास के गांव दनचौली, धानौता, कारोली, मारोली, तलोट, निजामपुर, नापला, नारेहड़ी, मौखूता, पवेरा, छिलरो, घाटाशेर, गांवडी, सरेली, बामनवास, इस्लामपुरा, रूपसराय, बायल, नांगल दर्गू एवं नियाजलिपुर आदि गांवों के सैकड़ों लोगों का कस्बे से सीधा व्यापारिक, चिकित्सा, स्वास्थ्य आदि सेवाओं से जुड़ाव बना हुआ है।

# बिजली निगम की समस्याओं का डीसी ने मौके पर समाधान करवाया


महेंद्रगढ़। लोगों की समस्या सुनते डीसी। फोटो : हरिभूमि

**महेंद्रगढ़।** जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिला प्रशासन द्वारा वीरवार को लघु सचिवालय में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनीं और अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध, प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त ने समाधान शिविर मे बिजली कनेक्शन की समस्याए लेकर आए हरिनगर निवासी नीरज की समस्या पर तुरंत संज्ञान लेते हुए बिजली निगम के अधिकारी को तुरंत बिजली कनेक्शन देने के निर्देश दिए। जिस पर निगम एसडीओ ने दोपहर बाद तक कनेक्शन करवाने का आश्वासन दिया। इसी प्रकार तुलाराम कॉलोनी से आई महिलाओं की पेयजल व बिजली की समस्या का जल्द से जल्द समाधान कराने के निर्देश दिए। शिविर मे रास्ता खुलवाने, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, गंदे पानी की निकासी इतयादि से संबंधित समस्याए सुनी गई। उपायुक्त ने संबंधित विभागों को तत्काल कार्रवाई करने और रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।